QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: सस्टेनेबिलिटी 2025

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: स्थिरता 2025 (QS World University Rankings: Sustainability 2025) अपने तीसरे संस्करण में शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से पर्यावरणीय तथा सामाजिक चुनौतियों से निपटने में वैश्विक संस्थानों की प्रगति का मूल्यांकन करती है।

- ये रैंकिंग तीन प्रमुख स्तंभों- पर्यावरणीय प्रभाव, सामाजिक प्रभाव और शासन- पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्थिरता में विश्वविद्यालयों के योगदान का आकलन करती है। वर्ष 2025 की रैंकिंग में 78 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हैं।

भारत में शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता:

- IIT दिल्ली: भारत में प्रथम तथा विश्व स्तर पर 171वे स्थान पर।
- IIT खड़गपुर: भारत में दूसरा और विश्व स्तर पर 202वाँ स्थान।
- IIT बॉम्बे: भारत में तीसरा और विश्व स्तर पर 234वाँ स्थान।
- IIT कानपुर: भारत में चौथा तथा विश्व स्तर पर 245वाँ स्थान।
- IIT मद्रास: भारत में 5 वें तथा विश्व स्तर पर 277वाँ स्थान पर।

उल्लेखनीय प्रदर्शन:

- **पर्यावरणीय प्रभाव:** IIT दिल्ली (55) और आईआईटी कानपुर (87) वैश्विक शीर्ष 100 में स्थान पर हैं।
  - **पर्यावरणीय स्थिरता:** IIT बॉम्बे भारत में शीर्ष पर है (विश्व स्तर पर 38 वें स्थान पर)।
  - **पर्यावरण शिक्षा:** IIT विश्वभर में 32वें स्थान पर है।
- **शासन और समानता:** मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (MAHE) शासन श्रेणी में भारत में अग्रणी है और समानता के लिये भारत में सर्वोच्च स्थान पर है (विश्व स्तर पर 390 वें स्थान पर)।
- **सामाजिक प्रभाव:** IIT दिल्ली को वैश्विक स्तर पर 362वाँ स्थान मिला है रोज़गार और परिणाम के मामले में भारत में इसका प्रदर्शन शीर्ष पर है (विश्व स्तर पर 116वाँ स्थान)।
  - **ज्ञान का आदान-प्रदान:** डीयू भारत में शीर्ष पर है (विश्व स्तर पर 121वें स्थान पर)।
- हालाँकि भारतीय विश्वविद्यालयों को स्वास्थ्य एवं कल्याण तथा शिक्षा के प्रभाव के मामले में सुधार करने की आवश्यकता है, जहाँ कोई भी भारतीय संस्थान शीर्ष 350 में शामिल नहीं है।
  - QS एक लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषक है जो अपनी व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के लिये जाना जाता है।

//



और पढ़ें: QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/qs-world-university-rankings-sustainability-2025